# प्रेस नोट थाना खुटार

# जनपद शाहजहाँपुर

## सराहनीय कार्य दिनाँक – 15.08.2026

### “थाना खुटार पुलिस टीम द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही, जल लेकर गोला गोकरणनाथ जा रहे श्रद्धालु को टक्कर मारने वाले कार चालक को किया गया गिरफ्तार”

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब एवं शस्त्रों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना खुटार के कुशल नेतृत्व में थाना खुटार पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 14.08.2026 को वादी पवनेश कुमार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम बरनई केशौपुर, थाना क्योलड़िया, जनपद बरेली द्वारा थाना खुटार पर उपस्थित आकर प्रस्तुत किए गए प्रार्थना पत्र में अंकित किया गया कि क्रेटा कार संख्या UP25EV1616 के अज्ञात चालक द्वारा वाहन को तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए वादी के सगे भतीजे दीपक पुत्र रविन्द्र कुमार, विकास बाबू पुत्र रविन्द्र कुमार एवं दीनदयाल पुत्र जमुनाप्रसाद, निवासीगण ग्राम बरनई केशौपुर, थाना क्योलड़िया, जनपद बरेली को सामने से टक्कर मार दी गई, जिससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। दौराने उपचार वादी के सगे भतीजे दीपक पुत्र रविन्द्र कुमार की मृत्यु हो गई । प्राप्त तहरीर के आधार पर थान खुटार पर मु०अ०सं० 283/2026 धारा 281/125(a)/125(b)/106(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। दौराने विवेचना थाना खुटार पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त अनुज पटेल पुत्र प्रेम सिंह उम्र करीब 23 वर्ष निवासी जोगी नवादा थाना बारादरी जिला बरेली को आज दिनांक 15.08.2026 को बीसलपुर से पहले पुल से समय 18.05 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अनुज पटेल पुत्र प्रेम सिंह निवासी जोगी नवादा थाना बारादरी जिला बरेली (उम्र करीब 23 वर्ष)।

**गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक/समय-**

बीसलपुर से पहले पुल से, दिनांक 15.08.2026 को समय 18.05 बजे।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 283/2026 धारा 281/125(a)/125(b)/106(1) बीएनएस थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर।

**अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर
2. व0उ0नि0 सुभाषचन्द्र थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 2694 विकास यादव थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर
4. रि0आ0 सागर मलिक थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर
5. रि0आ0 दुष्यन्त कुमार थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर